Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रंगीला रसूल

(हज़रत मौहम्मद साहब की "पवित्र" जीवनी)

लेखक
आचार्य पण्डित चमूपति,

प्रकाशक
शहीदेआज़म महाशय राजपाल,

कसम खुदा की ! अपने प्यारे नबी की शान में अगर इस जुबाँ से कोई गुस्ताखी हो जाये तो वह जुबाँ जल जाये !

या अल्लाह ! वो मन्जर दिखाने से पहले तू मुझे इस दुनिया ज़हान से उठा ले, ये दीगर बात है कि मेरे प्यारे रसूल में आखिर क्या बात नही थी ? अरे दुनियाँ क्या जाने पीड़.....?

प्रकाशक : मौहम्मद रफ़ी, तरकारी मण्ड़ी, दिल्ली- ६,

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रंगीला रसूल

(हजरत मौहम्मद साहब की "पवित्र" जीवनी)

प्रकाशक :
शहीदेआज़म महाशय राजपाल,
लाहौर (वर्तमान पाकिस्तान)

लेखक :
आचार्य पण्डित चमूपति
(एम०ए०)

इस पवित्र पुस्तक को पाक-साफ और शुद्ध होकर पढ़ें !

कसम खुदा की ! अपने प्यारे नबी की शान में अगर इस जुबाँ से कोई गुस्ताखी हो जाये तो वह जुबाँ जल जाये !

या अल्लाह ! वो मन्ज़र दिखाने से पहले तू मुझे इस दुनिया ज़हान से उठा ले, ये दीगर बात है कि मेरे प्यारे रसूल में आखिर क्या बात नहीं थी ? अरे दुनियाँ क्या जाने पीड़............ ?

कौम का खादिम -

"प्रकाशक"

प्रचारक : मौहम्मद रफ़ी, तरकारी मण्डी, दिल्ली-६

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रकाशक

शहीदेआज़म महाशय राजपाल,

लाहौर

सम्पादक

मौहम्मद हिज़बुल्लाह

मूल्य : ३० रूपये मात्र

मुख्य वितरक :

"मौहम्मद रफ़ी"

तरकारी मण्डी, पो० बाक्स-४२०

दिल्ली-६

नोट : सर्वाधिकार प्रकाशक के आधीन है ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

"समर्पण"

उस महान योद्धा, साहसी, विद्वान प्रकाशक को यह कृति समर्पित है जिसने संसार के मानव मात्र को "हजरत मौहम्मद साहब" के वास्तविक जीवन चरित्र को प्रकाशित करा कर सही दिग्दर्शन कराया तथा जिसके निमित्त स्वयं छुरा खाकर शहीद हो गये, ऐसी उस पुण्यात्मा को मेरा शत्-शत् वन्दन है।

लेखक -

"चमूपति एम०ए०"

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रस्तावना

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने हजरत मौहम्मद साहब के जीवन को पच्चीस वर्ष के बाद से आरम्भ किया है, उससे पहले का कोई वर्णन नहीं दिया गया है, अतः मैं एक सम्पादक की हैसियत से पाठकों की जानकारी के लिए संक्षेप में जन्म से पच्चीस वर्ष तक के जीवन से परिचित कराना मैं अपना पावन कर्त्तव्य समझता हूँ।

हजरत मौहम्मद के पिता का नाम अब्दुल्लाह था, जो अब्दुल मुतालिब के बेटे थे, आप कुरैश खानदान से ताल्लुक रखते थे, जो अरब का एक प्रमुख वंश था तथा तमाम वंशजों में अपना प्रमुख स्थान रखता था, आपका जन्म १२ रबीउल, दिन सोमवार, (११ नवम्बर) सन् ५६९ ई० को मक्के में हुआ। आपके वालिद (पिता) अब्दुल्लाह आपके जन्म से पूर्व ही परलोक सिधार गये थे। अतः आपका आरम्भिक पालन पोषण आपके दादा अब्दुल मुतालिब द्वारा हुआ, उनके मरने के बाद (तब आपकी उम्र मात्र आठ वर्ष की थी) आपके चचा हजरत अबू तालिब ने आपकी परवरिश की।

आपकी माता हजरत आमीना ने अपना दूध पिला कर बड़ा किया परन्तु वहां के रीति रिवाज के अनुसार कुछ समय के लिए वहां के नजदीक के गांव में शारीरिक व बौद्धिक

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उन्नति के लिए एक महिला जिसका नाम हलीमा सादिया था, के सानिध्य में भेज दिया। गांव से वापिस लौटने पर थोड़े समय बाद ही आपकी माता का देहान्त हो गया। अब सारी जिम्मेवारी आपके चचा अबू तालिब के ऊपर आ गयी, चचा का व्यापार था, आपको भी अपने व्यापार में अपने ही साथ लगा लिया, तथा बकरियां चराने का कार्य दिया गया। इसी तरह बकरियां चराते-चराते समय बीत गया और आपने जवानी में कदम रक्खा, आपको खुदा ने गजब का हुस्न, बांका शरीर, शुद्ध हृदय व दिल में ईमानदारी बख्शी, आपका सारा जीवन गरीबी और संघर्ष में ही बीता, मां का साया भी बचपन में ही उठ गया था। बाप का प्यार क्या होता है ? इसका तो कभी अनुभव ही नहीं हुआ।

पच्चीसवें वर्ष में एक धनी बेवा (विधवा) महिला खदीजा जो उस समय चालीस वर्ष की थी, की आंख हजरत से लड़ गयी और ये हजरत भी उसे अपना दिल दे बैठे, इनकी भी पच्चीस साल बाद ही लाटरी सी खुली थी, जिस प्यार के लिए बेचारे पच्चीस साल तक तरसते रहे, वह सारा प्यार जो पत्नी और मां दोनों के रूप में सांझा प्राप्त हुआ, इससे बड़ा और सौभाग्य क्या हो सकता था ? उस समय तो अगर खदीजा की आयु साठ वर्ष भी होती तो भी हजरत उसका प्रस्ताव न ठुकराते।

अब आप आगे मौहम्मद साहब के पवित्र ? जीवन चरित्र

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

को बिना किसी भेद भाव के ध्यान पूर्वक पढ़िये और उनके जीवन से लाभ ? उठाइये। क्योंकि ऐसा शिक्षाप्रद जीवन वृत्त मुश्किल से ही किसी खुदा के पैगम्बर का पढ़ने को मिलेगा, जिस पर चलकर जन्नत ही जन्नत है। जिसमें प्रत्येक बात को किसी का दिल दुखाने की वजह से नहीं अपितु निष्पक्ष सप्रमाण ही उद्धृत किया गया है जिसे सभी मुसलमान भाई प्रमाण रूप में मानते हैं, अगर आप इसको दोजख का मार्ग समझते हैं तो आज ही दिये गये ईमान को वापिस ले सकते हैं, क्योंकि बिना वास्तविकता जाने किसी का मुरीद हो जाना स्वाभाविक है।

हमारे कुछ मुसलमान भाई नावाक्फियत की वजह से नाहक परेशान होते हैं, उन्हें चाहिये कि इस पुस्तक में दिये गये उदाहरणों व प्रमाणों को मूल पुस्तकों से मिलान करें, अगर यह बातें वास्तव में टीक हैं, और हमारे मुसलमान भाई उन्हें जीवन के लिए हितकर नहीं मानते तो उन्हें नाराज न होकर ऐसी बेहुदी मान्यताओं को तिलान्जली दे देनी चाहिये, और जीवन के लिए जो सही उन्नति का मार्ग है उसे अपनाना चाहिये। मेरी उनसे यही अन्तिम गुजारिश है।

कौम का खादिम -

मौहम्मद हिज़बुल्लाह

(सम्पादक)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रस्तुत पुस्तक का इतिहास

सन् १९२३ ई० में मुसलमानों की ओर से एक पुस्तक "उन्नीसवीं सदी का महर्षि" प्रकाशित हुई । इस पुस्तक में महर्षि दयानन्द का बहुत घिनौना तथा अपमानजनक चित्रण प्रस्तुत किया गया था । उन्हीं दिनों मुसलमानों ने श्री कृष्ण जी महाराज के सम्बन्ध में भी एक अति आपत्तिजनक पुस्तक प्रकाशित की उस पुस्तक का नाम था- "कृष्ण, तेरी गीता जलानी पड़ेगी"। आप पुस्तक के नाम से ही समझ सकते हैं कि उसमें क्या था ?

महाशय राजपाल जी जो ऋषि के अनन्य भक्त थे वह महर्षि दयानन्द और योगेश्वर कृष्ण का अपमान कदापि भी नहीं सह सकते थे । उन्होंने पुस्तक का उत्तर पुस्तक से ही देना उचित जाना इन घिनौनी पुस्तकों का उत्तर देने के लिए उन्होंने सन् १९२४ ई. में "रंगीला रसूल" नामक पुस्तक प्रकाशित की ।

यह पुस्तक उर्दू में छपी थी जिसमें मुसलमानों के पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब की जीवनी व्यंगात्मक शैली में दी गई थी, परंन्तु घटनायें सभी इतिहास-सम्मत और प्रमाणिक थीं । पुस्तक में लेखक के नाम के स्थान पर "दूध का दूध और पानी का पानी" छपा था । वास्तव में पुस्तक के लेखक "पं. चमूपति एम. ए." थे जो आर्यसमाज के श्रेष्ठ विद्वान एवम् बाद में गुरूकुल कांगड़ी के आचार्य बने थे । वे महाशय राजपाल जी के अभिन्न

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मित्र थे, उनकी अनेक पुस्तकें राजपाल जी पहले भी प्रकाशित कर चुके थे। मुसलमानों की ओर से सम्भावित प्रतिक्रिया के कारण चमूपति जी इस पुस्तक पर अपना नाम नहीं देना चाहते थे उन्होंने महाशय राजपाल जी से यह वचन ले लिया कि चाहे कितनी भी विकट परिस्थिति क्यों न बने वे किसी को भी इस पुस्तक के लेखक के रूप में उनका नाम नहीं बतायेंगे । महाशय राजपाल जी ने अपने इस वचन की रक्षा अपने प्राणों की बलि देकर की और चमूपति जी पर जरा भी आँच न आने दी ।

भाइयों ! एक वर्ष तक पुस्तक बिकती रही, परन्तु इसके विरूद्ध कोई शोर नहीं मचा। फिर महात्मा कहे जाने वाले मोहनदास करमचन्द गांधी ने अपनी मुस्लिम-परस्त नीति के अन्तर्गत ''यंग इन्डिया'' में इस पुस्तक के विरूद्ध एक लम्बी टिप्पणी लिख दी और वे योगेश्वर श्री कृष्ण तथा महर्षि दयानन्द के विरूद्ध लिखी गई पुस्तकों के विषय में तो बिल्कुल चुप रहे, बस ! फिर क्या था, एक ओर कट्टरवादी मुसलमानों और मुल्लाओं ने राजपाल जी के विरूद्ध आंदोलन छेड़ दिया, सन् १९२३ ई० में १५३-(अ) धारा के आधीन अभियोग चला दिया । जबकि योगेश्वर कृष्ण तथा महर्षि दयानन्द के विरूद्ध लिखी गई पुस्तकों के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं हुई, यह अभियोग चार वर्ष तक चलता रहा । महाशय राजपाल जी को छोटे न्यायालय ने डेढ़ वर्ष का कारावास तथा एक सहस्त्र रूपये के जुर्माने का दण्ड सुनाया । इस आदेश के विरूद्ध सैशन में अपील करने पर कारावास के दण्ड में एक वर्ष की कटौती कर

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

दी गयी । इसके पश्चात् अभियोग हाईकोर्ट में गया । हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश ''श्री कवंर दिलीप सिंह'' जी ने महाशय राजपाल जी को ससम्मान दोषमुक्त कर दिया ।

सन् १९२४ ई में यह अभियोग आरम्भ हुआ था और ६ अप्रैल सन् १९२९ ई० दिन शनिवार को महाशय राजपाल जी का बलिदान हुआ । विशेष बात यह रही कि इन पांच वर्षों में उन्हें अनेक बार यह कहा गया कि आप वास्तविक लेखक का नाम बता दें तो हमें आपसे कोई शिकायत नहीं रहेगी । यह बात उस समय के प्रमुख दैनिक-पत्र ''जमींदार'' में भी प्रकाशित हुई, परन्तु, राजपाल जी ने एक ही बात दोहरायी कि -''इस पुस्तक के लेखन तथा प्रकाशन का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा ही है, अन्य किसी का नहीं ।'' उन्होंने जो वचन पं. चमूपति जी को दिया था। उसे अन्त तक निभाया ।

पहला प्रहार - मुसलमान उच्च न्यायालय के इस निर्णय से भड़क उठे और उन्होंने राजपाल जी के विरूद्ध जानलेवा आन्दोलन छेड़ दिया, जिसके फलस्वरूप २६ सितम्बर सन् १९२७ ई० को ''खुदाबख्श'' नामक एक मुसलमान ने उनकी दुकान पर पहुंच कर, जो लाहौर में अस्पताल रोड पर स्थित थी, उन पर प्राणघातक हमला कर दिया । आक्रमणकारी एक पहलवान था अतः उसके हाथों से महाशय राजपाल जी की सुरक्षा की कोई आशा नहीं थी । परन्तु मारने वाले से बचाने वाला महाबली होता है, यह लोकोक्ति इस प्रसंग में सत्य सिद्ध हुई और स्वामी स्वतन्त्रतानन्द जी महाराज और स्वामी वेदानन्द जी तीर्थ जो

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

देवयोग से वहां उपस्थित थे, उन्होंने घातक को ऐसा कसकर दबोचा कि वह अपने क्रूरतापूर्ण निश्चय में सफल न हो सका। तथापि महाशय राजपाल जी बहुत बुरी तरह घायल हुये। घातक के विरूद्ध अभियोग चला और उसे सात वर्ष के कारावास का दण्ड मिला।

स्वामी सत्यानन्द जी महाराज पर आक्रमण-

महाशय राजपाल अपने घावों के कारण अस्पताल में ही थे कि उसी दुकान पर जिसमें महाशय राजपाल जी को घायल किया गया था, स्वामी सत्यानन्द जी बैठे थे। रविवार, आठ अक्टूबर सन् १९२७ ई० को "अब्दुल अजीज" नामक एक मुसलमान ने उन्हें महाशय राजपाल समझ कर पीछे से एक हाथ से चाकू व दूसरे हाथ में उस्तरे से प्राणघातक प्रहार कर दिया। घातक स्वामी जी को घायल करके भागना ही चाहता था कि अद्‌भुत शौर्य का प्रदर्शन करते हुये पड़ोसी दुकान वाले महाशय "नानकचन्द जी कपूर" ने हत्यारे को पकड़ने का यत्न किया। इस प्रयास में वे भी घायल हो गये। उनकी पकड़ से घातक निकलना ही चाहता था कि महाशय नानकचन्द जी के छोटे भाई "लाला चुन्नीलाल" जी उस पर लपके और उसे पकड़ने का यत्न किया। उन्हें भी घायल करता हुआ हत्यारा भाग निकला उसके पीछे-२ शोर मचाते हुए अनेक लोग भागे जा रहे थे, अन्ततः हत्यारे को अनारकली बाजार के चौक में दबोच लिया गया, जो लाहौर का मुख्य बाजार माना जाता था। उस मुसलमान हमलावर को चौदह वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड और उसके साथ-साथ तीन वर्ष

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

के लिये शान्ति की जमानत (गारन्टी) का दण्ड सुनाया गया । स्वामी सत्यानन्द जी का पहले मेयो अस्पताल में और फिर निजी इलाज हुआ तब कहीं डेढ़ मास के पश्चात् उनके घाव ठीक हुये ।

अन्तिम प्रहार – महाशय राजपाल जी गुरूकुल कांगड़ी के वार्षिकोत्सव पर गये हुये थे । वहां से पांच अप्रैल को लाहौर वापस लौटे । ६ अप्रैल सन् १९२९ ई० दिन शनिवार को दोपहर के समय महाशय जी अपनी दुकान में विश्राम कर रहे थे । उनका एक कर्मचारी पुस्तकों को व्यवस्था से रख रहा था । "इल्मदीन" नामक एक मुसलमान युवक अपनी कमीज के अन्दर दोधारी छुरा छिपाये हुए दुकान के भीतर आया । क्रूर हत्यारे ने आते ही लेटे हुए महाशय राजपाल जी के सीने में दोधारी छुरा घोंप दिया । वीर राजपाल जी का तत्काल ही प्राणान्त हो गया ।

हत्यारा अपनी जान बचाने के लिये बाहर भागा । महाशय जी का कर्मचारी भी शोर मचाता हुआ उसके पीछे दौड़ा । क्रूर हत्यारा भागकर "महाशय सीताराम" जी कि लकड़ी की टाल में जा घुसा । सीताराम जी के नवयुवक साहसी सपूत "महाशय विद्यारत्न" जी ने हत्यारे को कसकर अपनी भुजाओं में जकड़ लिया । इतिहास ने अपने आपको पुनः दोहराया । दिल्ली में "अब्दुल रशीद" ने वयोवृद्ध रूग्ण सन्यासी "स्वामी श्रद्धानन्द" जी पर तीन गोलियां चलाकर भागने का प्रयत्न किया तो "वीर धर्मपाल विद्यालंकार" जी ने वहीं उसको धर दबोचा, और तब तक उसे पकड़े रक्खा जब तक कि पुलिस ने आकर उसको बन्दी नहीं बना लिया । आज आर्यवीर विद्यारत्न महाशय

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.
जी के हत्यारे इल्मदीन को कसकर पकड़े हुये थे। और वह छूटने के लिए छटपटा रहा था। उसने पूरा जोर लगाया, परन्तु आर्यवीर की पकड़ से निकल नहीं सका। इतने ही में और लोग वहां आ गये। पुलिस हत्यारे को पकड़ कर ले गयी।

देखते ही देखते महाशय जी की दुकान पर हजारों व्यक्ति एकत्रित हो गये। देवता स्वरूप भाई परमानन्द जी सरीखे नेता भी तत्काल वहां पहुंच गये। महाशय जी का शरीर उस समय तक ठंडा हो चुका था। उनकी धर्मपत्नी अपने पतिदेव के चरणों में अपना सिर रखकर शोकाकुल थीं। छुरा उनके शरीर से निकाला जा चुका था। शरीर को दुकान से बाहर लाकर रखा गया और पुलिस की लारी में अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका पोस्टमार्टम किया गया। देवतास्वरूप "भाई परमानन्द" जी ने महाशय राजपाल जी के बलिदान पर अपने सम्पादकीय में ठीक ही लिखा था-

"आर्यसमाज के इतिहास में यह अपने ढंग का तीसरा बलिदान है"।

पहले धर्मवीर पण्डित लेखराम का बलिदान इसलिये हुआ कि वे वैदिक धर्म पर किये जाने वाले प्रत्येक आक्षेप का उत्तर देते थे। उन्होंने कभी भी किसी मत या पंथ के खण्डन में पहल नहीं की। सदैव उत्तर-प्रत्युत्तर देते रहे।

दूसरा बड़ा बलिदान स्वामी श्रद्धानन्द जी का था। उनके बलिदान का कारण यह था कि उन्होंने भुलावे में आकर मुसलमान बन गये भाई-बहनों को, परिवारों को पुनः हिन्दू धर्म में

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सम्मिलित करने का आन्दोलन चलाया और इस ढंग से स्वागत किया कि आर्य जाति में शुद्धि के लिये एक नया उत्साह उत्पन्न हो गया । विधर्मी उनके इस कार्य को सह न सके ।

तीसरा बड़ा बलिदान महाशय राजपाल जी का है जिनका बलिदान इसलिए अद्वितीय है कि उनका जीवन लेने के लिये लगातार तीन बार आक्रमण किये गये । प्रथम बार २६ सितम्बर सन् १९२७ ई० को एक व्यक्ति खुदाबख्श ने किया । दूसरा आक्रमण ८ अक्टूबर सन् १९२७ ई० को उनकी दुकान पर बैठे हुए स्वामी सत्यानन्द जी पर एक व्यक्ति अब्दुल अजीज ने किया (जो उन्हें महाशय राजपाल समझ बैठा था) वे दोनों अपराधी कारागार में दण्ड भोग रहे हैं । इसके पश्चात अब डेढ़वर्ष बीत चुका है कि एक अन्य युवक इल्मदीन, जो न जाने कब से महाशय राजपाल जी के पीछे पड़ा हुआ था, एक तीखे दोधारी छुरे से उनकी हत्या करने में सफल हुआ है । जबकि जिस छोटी सी पुस्तक को लेकर महात्मा गांधी द्वारा महाशय राजपाल जी के विरूद्ध मुसलमान भाइयों की भावनाओं को भड़काया गया था, उसे प्रकाशित हुये तो अब चार वर्ष से भी अधिक समय बीत चुका है ।

अन्तिम यात्रा– महाशय जी का पोस्टमार्टम तो उसी सांयकाल को हो गया था, परन्तु लाहौर के हिन्दुओं ने यह निर्णय लिया था कि अगले दिन हुतात्मा की शवयात्रा धूमधाम से निकाली जाये । पुलिस के मुसलमान अधिकारियों ने राज्याधिकारियों के हृदय में निराधार भय का भूत बिठा दिया कि

 CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.
यदि शवयात्रा निकली तो शहर में दंगा फसाद हो जायेगा। डिप्टी कमिश्नर ने रातों-रात लाहौर में धारा १४४ लगाकर सरकारी अनुमति के बिना जलसे-जलूसों पर प्रतिबन्ध लगा दिया।

अगले दिन प्रातः सात बजे ही अस्पताल में श्रद्धालु आने आरम्भ हो गये। आठ बजे तक यह संख्या हजारों में पहुंच गयी। डिप्टी कमिश्नर से सम्पर्क करने पर पता चला कि वह शवयात्रा को रोकना नहीं चाहता था, परन्तु नगर में से शवयात्रा को ले जाने के लिये अनुमति देने को तैयार नहीं था। कई प्रतिष्ठित नेता डिप्टी कमिश्नर से मिले, परन्तु उसने अनुमति न दी। इन लोगों के खाली हाथ लौटने पर एकत्र भीड़ में रोष व जोश और भी बढ़ गया। भीड़ यह मांग कर रही थी कि शव को नगर के बीच में से ले जाने की अनुमति दी जाये। इसी संघर्ष में चार-पांच घण्टे निकल गये।

लगभग एक बजे उन्होंने अपना आदेश बदलने से इन्कार कर दिया। लोगों से कहा गया कि आप तो नगर के बीच में से ले जाने की अनुमति चाहते हैं परन्तु डिप्टी कमिश्नर नगर के बाहर से शव-यात्रा को ले जाने की अनुमति देते हैं। जो इसको नहीं मानते, वे लोग शान्ति से अपने घरों को चले जावें। सरकार जैसा ठीक समझेगी, शव का समुचित रीति से दाह-संस्कार कर देगी।

कुछ लोग घरों को चल दिये, परन्तु वह भीड़ जो खाली अर्थी और फूल लेकर हुतात्मा का शव लेने के लिये वहां उपस्थित थी, टस से मस न हुई। भीड़ इतनी अधिक थी कि जुलूस ही दिखाई दे रहा था। मेयो अस्पताल के दूसरे द्वार के सामने डण्डाधारी पुलिस

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तथा घुड़सवार पुलिस नियुक्त थी। पुलिस ने आगे आकर लोगों को आगे बढ़ने से रोका । भीड़ में स्वाभाविक जोश था । भीड़ ने जयकारे लगाये । अधिकारी चिढ़ गये । अधिकारियों ने लाठी चार्ज की आज्ञा दे दी । पच्चीस व्यक्ति घायल हो गये । भीड़ फिर भी नहीं हटी, वहीं डटी रही । अधिकारियों से पुनः बातचीत हुई । पुलिस से कहा गया कि लोगों को इस मार्ग से अपने घरों को जाने दिया जाये । इतने में पुलिस ने फिर लाठी वर्षा कर दी । बड़ी निर्दयता से हृदयहीन अधिकारियों व सिपाहियों ने लोगों को पीटा। डेढ़ सौ व्यक्ति घायल हो गये । सांयकाल तक लोग भारत बिल्डिग के प्रांगण में खड़े रहे । पुलिस वाले मार्ग रोके खड़े थे । शव अस्पताल में पड़ा रहा ।

दूसरे दिन सरकारी अधिकारियों के सन्देश आने लगे । सरकार व आर्य नेताओं के बीच एक समझौता हुआ । सरकार को झुकना पड़ा और कुछ मांगें आर्यों को भी छोड़नी पड़ीं । ८ अप्रैल सन १९२९ ई० को महाशय राजपाल जी के शव को लाहौर के मुख्य बाजारों में से घुमाते हुए बड़ी ही धूमधाम के साथ शमशान भूमि पर ले जाया गया ।

शवयात्रा कैसी थी- महाशय जी के बलिदान से आर्य-हिन्दू जाति में ऐसा जोश उत्पन्न हुआ जो देखते ही बनता था। शव-यात्रा के समय यह जोश देखकर सब में उत्साह का संचार हो रहा था ।

साढ़े सात-आठ बजे तक अर्थी की सब व्यवस्था हो गयी। अनुमान लगाया गया कि पच्चीस हजार व्यक्ति शव-यात्रा में

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.
सम्मिलित होकर शमशान-भूमि पहुंचे थे । लाहौर का मुख्य अनारकली बाजार सारा का सारा बन्द था । हिन्दुओं ने बड़ी श्रद्धा से अपने मकानों की छतों से हुतात्मा के शव पर पुष्प वर्षा की । जनता का यह असाधारण उत्साह प्रमाणित कर रहा था कि हिन्दू अपने हुतात्माओं का कितना सम्मान करते हैं ?

बलिदान-स्थली (महाशय जी की दुकान) पर पहुंचते ही युवकों के गगनभेदी जयकारों से लाहौर गूंज उठा । भावुक हृदय श्रद्धालु फूट-फूटकर रोये । शमशान-भूमि पहुंचने में साढ़े तीन घण्टे लग गये । ठीक पौने बारह बजे हुतात्मा की नश्वर देह को चिता पर रखकर ''महात्मा हंसराज'' जी ने अग्नि लगायी । महाशय जी के ज्येष्ठ पुत्र ''प्राणनाथ'' तब ग्यारह वर्ष के बालक थे । वैदिक विधि के अनुसार वह चिता को अग्नि लगा सकते थे, परन्तु सब आर्य नेताओं ने तब यह निर्णय लिया कि समस्त आर्य हिन्दू समाज के प्रतिनिधि के रूप में - ''महात्मा हंसराज जी ही चिता को अग्नि लगायेंगे''।

जब दाहकर्म समाप्त हो गया तो अपार जनसमूह (जिसमें देवियां भी थीं) शान्त होकर बैठ गया । ईश्वर स्तुति प्रार्थना ''श्री स्वामी स्वतन्त्रानन्द'' जी महाराज ने करवायी, प्रार्थना की समाप्ति पर भीड़ में से एकदम एक देवी उठी । उसकी गोदी में डेढ़ वर्ष का एक बालक था, जो आज विश्वनाथ के नाम से अपने पूर्वजों की भांति समाज का कार्य बढ़-चढ़ कर कर रहे हैं । यह देवी राजपाल जी की धर्मनिष्ठा साध्वी धर्मपत्नी थी । इस देवी ने बड़े हीं मार्मिक शब्दों में कहा-

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

''अपनी बहनों व भाईयों को कहना चाहती हूं कि मुझे अपने पति के इस प्रकार से मारे जाने का दुख अवश्य है, पर साथ ही मुझे उनके धर्म की वेदी पर बलिदान देने का अभिमान भी है। वे मरकर अपना नाम अमर कर गये हैं।''

पंजाब के सुप्रसिद्ध पत्रकार व कवि, महाशय ''नानक चन्द'' जी 'नाज' ने तब एक कविता लिखी थी जिसकी ये पंक्तियां उस समय के जोश का यथार्थ चित्रण करती हैं :-

फख्र से सर उनके आसमां तक हो गये।
हिन्दुओं ने जब तेरी अर्थी उठायी राजपाल ॥
फूल बरसाये शहीदों ने तेरी अर्थी पै खूब।
देवताओं ने तेरी 'जय-जय' बुलायी राजपाल ॥
हो हर इक हिन्दू को तेरी ही तरह दुनिया नसीब।
जिस तरह तूने छुरी सीने पै खायी राजपाल ॥
तेरे कातिल पर न क्यों इस्लाम भेजे लानतें।
जब मुजम्मत कर रही है इक खुदाई राजपाल ॥
मैंने क्या देखा कि लाखों राजपाल उठने लगे।
दोस्तों ने लाश तेरी जब जलायी राजपाल ॥

कौम का खादिम -

मौहम्मद हिज़बुल्लाह

(सम्पादक)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नोट

इस पूरे जीवन चरित्र को बिना किसी भेद भाव के सप्रमाण लिखा गया है। जिससे साफ पता चलता है कि जिस सम्प्रदाय की बुनियाद रखने वाले ही स्वयं इतने पवित्र रहे हों कि जिनकी मिशाल इतिहास में अन्यत्र कहीं भी देखने को नहीं मिलती। तो उनके उपदेश व सिद्धान्त कितने शिक्षाप्रद सिद्ध होगें ? पाठक स्वयं विचार करें।

वितरक :-

"मौहम्मद रफी"



नोट :

कृपया पुस्तक के अंत में दी गई "मेरे प्यारे रसूल की कुछ रंगीली बातें" अवश्य पढ़िये। यह आपसे खास गुजारिश है।

"सम्पादक"

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

"लाइलाहइल्लिलाह, मौहम्मद रसूल्लिलाह"

पैगम्बर की तारीफ़

चमन में होने दो बुलबुल को फूल के सदके ।
मैं तो जाऊँ अपने "रंगीले रसूल" के सदके ॥१॥

सदा बहार सजीला रसूल है मेरा
हों लाख पीर रसीला रसूल है मेरा
ज़हे जमाल छबीला रसूल है मेरा
रेहीने इश्क रंगीला रसूल है मेरा

चमन में होने दो बुलबुल को फूल के सदके ।
मैं तो जाऊँ अपने "रंगीले रसूल" के सदके ॥२॥

किसी की बिगड़ी बनाना है, ब्याह कर लेंगे
बुझा चिराग जलाना है, ब्याह कर लेंगे
किसी का रूप सुहाना है, ब्याह कर लेंगे
किसी के पास खजाना है, ब्याह कर लेंगे

चमन में होने दो बुलबुल को फूल के सदके ।
मैं तो जाऊँ अपने "रंगीले रसूल" के सदके ॥३॥

"चमूपति एम०ए०"

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

खुदा के अन्तिम पैगम्बर हज़रत मौहम्मद साहब का जीवन चरित्र

आरम्भ





प्रकाशक :
शहीदेआज़म महाशय राजपाल,
लाहौर (वर्तमान पाकिस्तान)

लेखक :
आचार्य पण्डित चमूपति
(एम०ए०)

बिस्मिल्लाहिरर्हमानरहीम..........

शुरू करता हूँ, "अल्लाह" के नाम से, जो अत्यन्त कृपाशील और दयावान है ।

कसम खुदा की-इस पुस्तक में जो भी बात कही गयी है वह निहायत ही ईमानदारी और दयानतदारी के साथ पेश की गई है । यह मैं शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ ।

– "लेखक"

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ख़ानेदार (गृहस्थ) पैगम्बर

मौहम्मद की अज़मत (बड़ाई) इसमें हैं कि वह ख़ानेदार गृहस्थ पैगम्बर है, मुसलमान भाई मौहम्मद की इस खुसूसियत (विशेषता) को बड़े अभिमान के साथ पेश करते हैं, कि देखो जो बात दूसरे पैगम्बरों में नहीं है वह मौहम्मद में है, यही मौहम्मद की फ़जीलत (तारीफ़) है । यह बात मेरे दिल में लगती है ।

"दयानन्द" बाल ब्रह्मचारी है, वह देवता है, मैं भला एक मामूली आदमी उनके ब्रह्मचर्य को कहाँ पहुंचूँ?

"महात्मा बुद्ध" ने शादी की, मगर घर से निकल गया, युवावस्था में औरत और बच्चों को अकेला छोड़कर साधु बन गया, मुझे न उस साधुता की चाह है, और न उसे अख्तियार करने का हौंसला है । "ईसा" ने घर बार बसाने का कोई झंझट ही मोल नहीं लिया ।

"मौहम्मद" ने शादी की, नहीं ! नहीं !! बल्कि शादियाँ कीं, हर तरह की औरतों से शादियाँ की, बेवा से, कुंवारी से, बुढ़िया से, जवान से, हाँ ! हाँ !! एक नवयुवती से भी, शादी की । हर किस्म की शादी का रंग देखा, उसके भले बुरे को पढ़ा ही नहीं बल्कि उसने उसे आज़माया भी तथा बहुत ही बारीकी से उसे परखा भी ।

"मौहम्मद" खुदा का एक अनुभवी अन्तिम पैगम्बर है । उसके इलहाम की बुनियाद उसका तजुरबा है, तजुरबा भी ऐसा कड़ुवा कि अलअमान, मौहम्मद ने उसे मीठा घूंट समझ कर पी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

लिया, किसलिए ? सिर्फ़ सबके फ़ायदे के लिए और दूसरों को नसीहत देने के लिए । मौहम्मद की जिन्दगी शिक्षाप्रद है, उपदेशों से भरी हुई, और इबादतों से भरपूर, वाकई मौहम्मद एक खास ज़मात के लिए उनका "पथ प्रदर्शक" है ।

मैं ख़ानेदार ! मेरा पैगम्बर खानेदार (गृहस्थ) वह मेरा गुरू और मैं उसका चेला । उपनिषदों में लिखा है गुरूजनों के अच्छे गुणों को धारण करो और बुरी बातों को छोड़ दो । इसी नजरिये से हम आज घरबार वाले, रंगीले, छबीले, रसीले, रसूल की जिन्दगी की बाबत खानेदारी (गृहस्थाश्रम) पर एक रसीली निगाह डालना चाहते हैं । मुहम्मदी तथा गैर मुहम्मदी सब इसको पढ़ने में शरीक हो सकते हैं क्योंकि "मौहम्मद" तो मौहम्मदियों और गैरमुहम्मदियों अर्थात् दोनों का साँझा है ।

ब्रह्मचारी (?) मौहम्मद

मौहम्मद की पहली शादी २५ साल की उमर में हुई यहाँ तो आर्य समाजियों को भी मानना होगा कि मौहम्मद ने शास्त्र के मुताबिक जिन्दगी का पहिला हिस्सा कुंवारे रहकर गुजारा, मौहम्मद ब्रह्मचारी था, और उसका हक था कि वह शादी करे ।

हम सबसे पहले एक नजर मौहम्मद की उसी (ब्रह्मचर्य) अवस्था पर डालना चाहते हैं, क्योंकि दुनिया में ऐसे बदबूदार दिमाग वाले लोग भी हैं जो नाहक भले मानसों की आदतों पर तथा उनके कर्मों पर और उनके कथन पर बेवजह शक (सन्देह) करते हैं ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हम मौहम्मद को ब्रह्मचारी मानते हैं क्योंकि उसने इस बारे में अपनी शहादत (गवाही) आप दे रक्खी है, एक मुकाम पर आप कहते हैं कि एक रात मैं एक कुरैशी लड़के के साथ मिलकर रेवड़ (भेड़ आदि) चरा रहा था, मैंने उस लड़के से कहा कि अगर तू रेवड़ की पासबानी (निगाह बानी) करे तो मैं जाऊँ ? और जिस काम में नौजवान लोग रात गुजारते हैं मैं भी गुजार आऊँ ।

यह कहकर मौहम्मद मक्का चला गया । मगर यहाँ एक शादी की दावत ने उसकी तवज्जह (ध्यान) अपनी तरफ खींच ली और उसको नींद आ गई । एक और रात वह फिर इसी इरादे से मक्का पहुँचा । मगर स्वर्ग के प्रलोभनों ने उसके दिल को अपने काबू में कर लिया और उसे सोते-सोते सुबह हो गई ।

मौहम्मद कहता है कि इन दो वाक़यात के बाद मेरा दिल बुराई की तरफ नहीं बढ़ा ।

"हयात-ए-मौहम्मदी-म्योरसाहब कृत"

हमें मौहम्मद के कौल (कथन) पर पूरा विश्वास है, क्योंकि उसे हमामीन कहा गया है । हम मानते हैं कि, उसका दिल गुनाह के नतीजे से बचा हुआ था । दो ही दफा उसे शैतान ने बरगलाया अर्थात् पथ भ्रष्ट किया मगर ईश्वरीय प्रेरणा ही इसमें मददगार सिद्ध हुई और हमारा "रंगीला रसूल" इस गुमराही के गढ़ढे से बाल-बाल बच गया । उसने अमलन् अर्थात् शारीरिक रूप से गुनाह नहीं किया । मौहम्मद पूर्ण ब्रह्मचारी था, उसने २५ साल तक की उमर तक शादी नहीं की और अपनी जवानी की उमंगों के झकोरों से बचता रहा ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

माई खदीजा

हम ख़दीजा को "माई खदीजा" ही कहेंगे, क्योंकि उसकी उम्र ४० वर्ष की थी जब वह मौहम्मद के मकान (अन्तःपुर) में निकाह करके आई, बल्कि अगर सच्ची बात लिखी जाये तो यों कहिये कि मौहम्मद खुद उसके घर में गये थे। मौहम्मद २५ साल के थे। शकल और सूरत में खूबसूरत थे, नेक आदत थे, शरीफ घराने के ही नहीं बल्कि शरीफ ठिकाने के भी थे।

परन्तु खदीजा बेवा (विधवा) थी वह कुरैशी यानी मौहम्मद की जाति बिरादरी की थी, उसके दो पति मर चुके थे, वह बाल बच्चे वाली थी परन्तु मौहम्मद और उसकी उम्र का यह मुकाबला था कि खदीजा के पास बेशुमार दौलत थी, जब सौदागरों के झुण्ड गैरमुल्कों में जाते थे तो यह भी अपने एजेण्ट रवाना करती थी। खुदा बरकत देता था, तिजारत (व्यापार) में सवाया, ड्योढ़ा मुनाफा होता था। सारा मक्का उसे जानता था, शादियों की दरख्वास्तें भी कई बांके दिलचलों ने दी थी मगर वह अपनी दौलत और हालत पर सन्तुष्ट थी, व्यर्थ में वह दुनिया का इश्किया झंझट अपने सिर पर मोल नहीं लेना चाहती थी, क्योंकि उसने दुनिया के सब रंग देखे व बरते हुए थे।

एक साल उसने मौहम्मद को एजेण्ट बनाकर व्यापारियों के झुण्ड के साथ भेजा, वह आमिन (निर्भय) था, खुदा ने उसे व्यापाराना बुद्धि बख्शी थी नतीजतन औसत से ज्यादा लाभ कमाया। मकान की छत पर बैठी हुई खदीज़ा देख रही थी कि

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सामने से एक शुतुर सवार आता हुआ मालूम हुआ, वह कौन था ? मौहम्मद ! मौहम्मद ने तिजारत का हिसाब दिया और अपनी अच्छी खासी उजरत लेकर रवाना हुआ । इसकी शरमदार आँखे, जरूरत से कम बोलना, कुदरती खूबसूरती और व्यापार का खरापन, बेतकल्लुफ की सादगी जो दिल में थी वही जुबान पर ! तथा वही अमल में, बस ! फिर क्या था ? अन्ततः बुढ़िया खदीजा के दिल पर यह बेसाख्तगी (स्वाभाविक रूप से) असर कर गई और उसे अपना दिल दे बैठी, तथा मन ही मन उसे अपनी जिन्दगी का शरीक (शोहर) बनाना चाहा ।

खदीजा (ताहरा) पवित्र और कमाल की खूबसूरती खुदा ने उसे बक्शी थी । लोग उसके हुस्न के तथा उसकी दौलत के परवाने थे परन्तु यहां पर वह खुद शमा के ऊपर परवाना बन के गिरी, फिर दुनिया में ऐसी कौन सी शमा हो सकती थी जो उसे गिरता हुआ देखती और चमक न उठती ? मुंह फेर लेती या उससे उलटा रूख दिखाती ? खदीजा का बाप जिन्दा था । उसकी तरफ से अंदेशा था कि वह रास्ते का रोड़ा बनेगा । इसी समय खदीजा ने एक दावत की, उसमें उसने अपने और मौहम्मद के खानदान वालों को निमन्त्रित किया, शराब ढलने लगी । खदीजा का बाप भी दावत में शामिल हुआ परन्तु वह हद से ज्यादा पी गया । बूढ़ा था, बहक उठा । यही वह मौका था जिसकी ताक में सब लोग थे, बस ! फिर क्या था, मौके का फायदा उठाते हुए तुरन्त खदीजा को शादी के कपड़े पहना दिये गये और मौहम्मद के साथ खदीजा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

का निकाह हो गया। जब उसके बूढ़े वालिद को होश आया तो वह हक्का बक्का रह गया, मगर पक्षी पिंजरे से निकल चुका था, बड़े और बुजुर्गों का कहना मानना पड़ा, अन्ततः फिर खामोशी अख्तियार करके रह गया।

"हयात-ए-मौहम्मदी-म्योरसाहब कृत"

खैर "मौहम्मद" दूल्हा हुए, माई खदीजा के खाविन्द बन उसकी जानों माल के मालिक और रक्षक बने। बचपन में गरीब हो गये थे, बहुत दिनों तक माँ की ममता का सुख न देखा था। इस औरत से ब्याह कर लेने पर दोनों मुरादें मिल गई। मौहम्मद उसे चाहे जो भी कहे, परन्तु हम तो उसे माई खदीजा ही कहेंगे, वह हमारी माँ है और आर्य शास्त्रों में एक हालत में औरत को माँ कहा भी है। यह माई खदीजा की तीसरी शादी थी। माई खदीजा से मौहम्मद की छः सन्तानें हुई जिनमें दो लड़के और चार लड़कियाँ थी, पहला लड़का कासिम जो दो बरस का होकर मर गया और दूसरा भी जो बिल्कुल बच्चा ही था, चल बसा।

"सीरतुल्नबी-मौलाना शबली कृत"

डाक्टरों की राय है कि औरत ४० या ४५ वर्ष की उमर तक बच्चे पैदा कर सकती है मगर उस उम्र के बच्चे ज्यादा दिन तक जिन्दा रहने वाले नहीं होते। मतलब यह है कि अगर बच्चे पैदा करने के लिए शादी करनी हो तो औरत की यह उम्र इस मतलब के लायक नहीं और खदीजा की उम्र इस ऐतबार से शादी करने के

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

लायक न थी ।

मौहम्मद अकेले में रहना अधिक पसन्द करते थे, ख्यालात की दुनिया में मस्त रहते थे, पहाड़ों में, जंगलों में, मैदानों में, रेगिस्तानों में, घर के कोने (एकान्त) में जा बैठते और खुद अपने दिल से बातें किया करते थे । यही पागलपन इनकी पैगम्बरी की बुनियाद (जड़) थी ।

अगर रोटी रोजी की फिकर होती तो यह आजादी कहाँ मिलती ? और पैगम्बरी का दावा क्यों कर होता ? खदीजा की शादी ने ऐसी दैविक प्रेरणा मौहम्मद के साथ की कि ऐसा समय आ उपस्थित हुआ ।

अरब में पाप होता था । निहायत खौफनाक पाप होता था और मौहम्मद का दिल नेकी के ख्यालात से भरा हुआ था, अरबी मूर्तिपूजक थे और मौहम्मद साहब ने खुले मैदान में खुले आकाश में, बड़े-बड़े जंगलों में किसी बड़ी भारी ताकत का अन्दाजा किया था । इसे यकीन हो गया था कि परमात्मा (खुदा) एक है और उसकी कोई सूरत शक्ल नहीं है ।

खदीजा के गुलामों में एक जैद नाम का ईसाई गुलाम भी था उससे मौहम्मद की बातचीत हुआ करती थी और वह ईसाई धर्म के अनुसार मौहम्मद को विश्वास दिलाता था । मौहम्मद को जैद से अधिक स्नेह हो गया था और उसे खदीजा से अपने लिए मांग लिया, खदीजा के रिश्तेदारों में कुछ ऐसे लोग भी थे, जो ईसाई धर्म को मानते थे-उन्होंने मौहम्मद के दिली होंसलों को मिटाने में पूरी मदद की ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मौहम्मद को यकीन हो गया कि दुनिया के लोग गुमराह हो रहे हैं, उसे अपनी इस हालत पर रोना आता था उसके दिल में गहरा दर्द था, जो अरबी जुबान में बड़े ही दिलचस्प शैरों के रूप में कभी-कभी निकल रहा था, यही कुरान की पहली आयत है जो न मालूम किस कारण से कुरान के अन्त में लिखी गई है ? इसमें तड़फ है और तेजी है, सत्यता ही नहीं बल्कि बेकरार आरजू भी है और असलियत की खोज है ।

मौहम्मद का हौसला बढ़ता गया और धीरज का कोई उपाय न देखकर आखिर उसे ख्याल हुआ कि आत्महत्या कर लेनी चाहिए, क्योंकि इस रोने धोने की जिन्दगी से क्या फायदा ? यहाँ पर खदीजा का बुढ़ापा बहुत कुछ काम आया और कोई नौजवान औरत होती तो उसको पागल समझती और उसका साथ छोड़ देती, आप डरती और दूसरे को भी डराती, खदीजा ने मौहम्मद को धैर्य बंधाया । मौहम्मद को शक था कि मुझ पर जिन्नों का जादू है । यह इल्हाम नहीं बल्कि शैतान की करतूत है, खदीजा ने जिन्नों की जांच की और मौहम्मद को विश्वास दिलाया कि यह फरिश्ते हैं, इनका पैगाम दुरूस्त है, और जब मौहम्मद ने कहा कि या तो वह दुनिया को बदल देगा या अपना ही खात्मा कर लेगा तब खदीजा ने दुनिया को बदलने वाले इरादे को पसन्द किया और खुद उस नये मजहब की जिसके प्रचार का मौहम्मद ने मन्सूबा बांधा था, वह उस मन्सूबे में दुनिया की सबसे पहली औरत मददगार (सहायक) बनी ।

"कससुलम्बिया"

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मौहम्मद को इल्हाम के वक्त बड़ी तकलीफ होती थी। उसके मुंह से झाग आने लगते थे, तमाम बदन से पसीना निकल पड़ता था, उसे बाहर की कोई भी सुध बुध न रहती थी, बहुत से लोगों का ख्याल था कि यह मिरगी के लक्षण थे, मौहम्मद उस समय मरीज हो जाते थे, तब खदीजा उसकी सेवा शुश्रुषा करती थी, उसके बदन पर कपड़ा डालती और मुंह पर पानी के छींटे देती, मतलब यह है कि उसे होश में लाती।

"बुखारी बाबा अलबही"

मौहम्मद की पैगम्बरी के पहले आसूँ खदीजा की गोद में बहाये गये। यह कहानी बहुत लम्बी है, किस्सा यों है कि मौहम्मद ने अपने आपको मौजूदा मजहब और इसके कानून से अलग कर लिया और अपने शागिर्दों (भक्तजनों) को भी पिछले मजहब से बागी बनने के लिए उपदेश देने लगा। इससे सबमें मौहम्मद के प्रति मुखालफत पैदा हो गई थी, और लोग मौहम्मद की जान के दुश्मन बन गये, अरब का दस्तूर था कि "खून का बदला खून" से लेते थे। किसी खानदान के एक आदमी को यदि किसी दूसरे खानदान का कोई आदमी कत्ल कर देता था तो इन खानदानों में हमेशा के लिए मुखालफत पैदा हो जाती थी, दोनों खानदान एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जाते थे, मगर मौहम्मद के लिए एक बचाव का तरीका था। वह यह कि एक तो उसका चचा, उसकी हिमायत पर था दूसरी खदीजा थी, जिसका लिहाज सभी छोटे बड़े करते थे, मौहम्मद ने मुसीबत सही, दुख बरदाश्त किये,

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

लेकिन उस बीवी की बरकत से उसकी जान पर आँच न आई ।

आखिर जब मौहम्मद पचास वर्ष का हुआ तो खदीजा का इन्तकाल (देहावसान) हो गया तथा चचा भी चल बसे । अब मौहम्मद अनाथ होकर रह गये, मक्का के लोगों के जोर-ओ-जुल्मों से तंग आकर लाचार मौहम्मद हिजरत* (देश त्याग) करके मदीने चले गये ।

पाठक ! इससे अन्दाजा लगा लें कि खदीजा का वजूद मौहम्मद के लिए किस कदर भला था ? यही वजह थी कि इसकी मौत के बाद मौहम्मद के मकान में सिलसिलेवार बीवियाँ थीं और एक दूसरे से खूबसूरती में बढ़ चढ़ कर थीं । सभी प्रकार से आनन्द और आराम था। हुकूमत थी तथा सभी अख्तियार था, तो भी खदीजा की याद मौहम्मद के दिल से न भूलती थी । यहाँ तक की "आयशा" का अपनी जिन्दा सबूतों से भी वह लौ (लग्न) न थी जो मरहूमा-मगफूरा (रहम की बख्शी हुई) खदीजा के नाम से हो रही थी ।

खदीजा ने मौहम्मद को बचाया, २५ वर्ष के जमाने में ! जब तक वह मौहम्मद की बीवी बनकर जिन्दा रही, मौहम्मद को कभी भी दूसरी शादी का ख्याल नहीं आया, आर्य शास्त्रों में खानेदारी (गृहस्थाश्रम) की मियाद (समय) २५ वर्ष मुकर्रर है । यह समय मौहम्मद ने बड़ी पवित्रता से निभाया, इसलिये इसे हम आर्य गृहस्थ कह सकते हैं ।

---

*यहीं से हिजरी सम्वत् की शुरूआत हुई ।

-"सम्पादक"

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अगर मौहम्मद ने खदीजा से शादी न की होती, बल्कि उसका लड़का बनना मन्जूर कर लेता, तो यह रस्म आर्य धर्म शास्त्रों के मुताबिक होती। एक मुसलमान मौलाना साहब से बातचीत करते समय हमने यही कहा तो वह हैरान रह गये और आश्चर्य चकित होकर कहने लगे "हैं" ! मांये भी बनाई जा सकती हैं ? हमने कहा - हाँ हिन्दुस्तान में यह दस्तूर है कि किसी बुजुर्ग औरत को माई कहकर इस तरह पुत्रवत् फर्ज अदा करना। इसलिए हम उसे माई खदीजा ही कहेंगे। परन्तु वह अक्ल में, उमर में, तजुरबे में बीनिश (देखने) में अनुभवी कार्यों में है भी "माई खुदीजा" ही, इसमें कोई शक की गुंजाईश नहीं।

बेटी आयशा

खदीजा का इन्तकाल हुए अभी तीन महीने भी न बीते थे कि मौहम्मद ने महसूस (अनुभव) किया कि दुनिया में बीवी के समान प्यारी और कोई चीज नहीं है। मुसीबत बढ़ती ही जाती थी, घर में कोई ढांढस बंधाने वाला न था। बस दूसरी बीवी की तलाश करने लगे। माई सूदा, सुकरान की औरत थी। यह दोनों मियाँ बीवी मुसलमान हो चुके थे और इस जुर्म की इन्होंने सजा भी बड़ी कड़ी पाई थी। अरब निवासियों से तंग आकर उन्हें अपने देश को जिसका नाम "मालूफ" था, खेरबाद (अलविदा) कहना पड़ा था और विदेश में रहकर गुजर-बशर करते थे। जब मौहम्मद ने कुफ्फार (काफिर) से सुलह कर ली और उनकी मूर्तियों की

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कीर्ति* को मान लिया (अगरचे) बाद में फिर उसे इस सुलह से परेशानी हुई और इसने पहले इलहाम को "शैतानी बही" कहकर मन्सूख (निरस्त) कर दिया । तो दूसरे देश निकाले हुए लोगों के साथ सुकरान और सूदा भी वापिस आ गये । यहां आकर सुकरान का इन्तकाल हो गया और सूदा बेवा हो गई, सूदा की वफादारी का सबूत इससे ज्यादा और क्या हो सकता था कि उसने देश निकाले की तकलीफों को इस्लाम के लिए बरदाश्त किया ? इधर अपने पति की वफादार ! उधर अपने मजहब पर जान देने वाली !! इस प्रकार की अच्छी बीवी मिलना मौहम्मद के लिए मुश्किल था ।

रहमत पैगम्बरी के कारण उससे अपनी शादी कर ली। बूढ़े की बेवा (विधवा) स्त्री से शादी कुछ बेजा न थी दोनों एक दूसरे के प्यारे सनेक का हक अदा कर सकते थे । खदीजा की जगह आखिर कौन ले सकता था? वह भी एक उम्मीद थी, जो पूरी हुई और घर सूना न रहा ।

हम ऊपर कह आये हैं कि गृहस्थाश्रम के नियमानुसार मौहम्मद २५ वर्ष तक एक ही बीवी के साथ रहे और वह भी दो पतियों की विधवा ! जो शादी के समय ४० वर्ष और मौत के समय ६५ वर्ष की थी, इस बुढ़िया से इस जवान की निभ गई, यह बात मौहम्मद की पवित्रता की साक्षी है । सिनफ नाजुक से प्यार

नोटः *इरशादातुल्सारी शरह सहीह बुखारी जिल्द, ७ मुअल्लि-मुल्तनजील । तफसीरूलजलालीन सफा ४५ जिल्द २, मुदाल्कुलतन्जील सफा २५६, तफसीर कबीर - तफसीर कलबी ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मोहब्बत की फिदरत में था, यह दूसरे मर्दों को नेकी करने की नसीहत देता है, मुसीबत में मजबूर बना देता है, आफत में साविर (संतोष) को बढ़ाता है, सीने को उभारता है और रूह का "सकता" करता रहता है इस वक्त भी बहुत से लोग हैं जो औरत के हुस्न की रंगीन तस्वीर खींचते हैं, और पूजनीय देवी बना देते हैं, पवित्रता की मूर्तियाँ बनाकर तसव्वूर की फिजां में उड़ते हैं, यह आलम तखील का इश्क इनके दिल दिमाग पर इफत व असमत (पाकदामन) का राज बनाये रखता है।

मौहम्मद ने शायराना तबीयत पायी थी। मगर खदीजा के लिए ऐसा कहना कि - "शाली के बुढ़ापे ने आलम मौजूदा जवानी में औरत के शबाब की बहार का लुत्फ न उठाने दिया" यह कुव्वत तसव्वुर का एक और ताजयाना (सख्त) हुआ, दुनिया की औरतें दिमाग से उतर गई। बहिश्त की हूरों के ख्याल आने लगे। बाद में जब मौहम्मद की मतादिद (सिलसिलेवार) शादियाँ हो गई, तब उसका दिल कसरते अज्दवाज (व्यभिचार) से खट्टा हो गया, चुनाचे बाद के इलहाम में हूरों की खूबसूरती में वह मंजर जेब नजर नहीं हुए। जो खदीजा के हीन हयात (जीवनकाल) में रह रह कर कुरान की आयतों में जलवागर होते रहते थे, सूरत बखान में मजकूर होते हैं। अर्थात् व्यक्त की गई सूरतों में यह बातें मौजूद हैं।

इसी तरह क्वाँरी औरतें (लड़कियाँ) गोरी बड़ी आँख वाली हैं, उभरे हुए सीने और भरे कासे की। सचमुच औरत की खूबी क्वाँरेपन में है और मौहम्मद ने क्वांरी औरत से शादी की, वह

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

आयशा थी आयशा अबू बकर की लड़की थी, अबू बकर और मौहम्मद का अदायल उमर (बचपन का स्नेही) थी, उसकी उमर और मौहम्मद की उमर लगभग एक सी थी । सिर्फ दो साल का फर्क था, मौहम्मद अबू बकर से दो साल बड़ा था । अबू बकर बहुत जल्दी बिना किसी हीला हवाला (बहाने) के मौहम्मद पर ईमान लाया था और आयशा उसकी दिलबन्द (लड़की) थी । आयशा की उमर उस समय सिर्फ छः साल की थी ।

"मुआरजुलनब्बत सफा २८ रकूब ४"

मौहम्मद ने इस कम उमर की लड़की पर जो उमर में इसकी पोती के बराबर थी, अपनी निस्बत क्यों ठहराई ? कितने ही लोगों का ख्याल है कि अबू बकर को रिश्तेदार बनाना था । प्रथम तो यह कि जब अबू बकर मौहम्मद के दीन पर ईमान ले आया और उसे खुदा का रसूल मान लिया, अर्थात् उसकी आज्ञा को खुदा की आज्ञा मान लिया तो इस प्रकार और निजी ताल्लुक की जरूरत ही न रही थी लेकिन मान लो अगर यह ईमान का रिश्ता कमजोर दिखाई पड़ता था तो उसकी मजबूती का सबसे अच्छा ढंग यह होता कि मौहम्मद अबू बकर की लड़की को अपनी लड़की मान लेता और उसकी शादी अपने हाथ से करता, उसका जहेद (दहेज) देता और उसका बाप बन जाता । लेकिन अरब निवासी इस मसनुई तथा हकीकी रिश्तों से ज्यादा पायदार और खुशायन्दा रिश्तेदारियों के इमकान से, आशना (जानकार) न थे ।

"सैय्यद अमीर अली" लिखते हैं कि- अरब में कोई औरत

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

बीवी के सिवाय किसी और रिश्ते से किसी मर्द के साथ न रह सकती थी । मौहम्मद अपनी सियासी जरूरियात से मजबूर था, कि लगातार शादियाँ करे । आह ! प्यारे भारत !! पवित्रता के तारे भारत !!! प्राचीन आर्यों की प्राचीन सभ्यता के भारत !!!! दुर्गादास, औरंगजेब की पोती सफीयुन्निसा को अपनी लड़की बताता है, तथा शिवाजी, गोलेवादी की असीर शहजादी को जो गनीमत (लूट) के माल के साथ उसके साथ थी, अपनी बेटी समझते हैं, यह है इस प्यारे भारत की विशेषता ।

परन्तु जरा इधर भी ध्यान दीजिये एक बार का वाकया है कि युद्ध के दौरान सफर में आयशा गायब हो गयी, क्योंकि आयशा नाजुक और हल्के बदन की थी, इसलिए पालकी उठाने में बोझ के अन्दाज से कोई पता ही न चला कि पालकी के अन्दर आयशा है या नहीं ? आयशा अब लाचार हो वहीं बैठी रही कि अब कोई लेने आते हैं, अब कोई लेने आते हैं । आखिर इसी इन्तजार में सवेरा हो गया और कोई भी न आया । संयोग से अबू सफियान अपना ऊँट लिये उधर आ निकला, आते ही उसने आयशा को पहचान लिया और बिना कुछ बातचीत किये आयशा के सामने ऊँट बैठा दिया, और आयशा भी उस पर उचक (उछल) कर सवार हो गई, अन्ततः एक रात एकान्त में गुजारने के बाद फिर अपने प्यारे मौहम्मद से जा मिली ।

भला इस हालत में कौन किसकी जुबान पकड़ता ? नतीजा यह हुआ कि तरह-तरह के गन्दे आक्षेप लोग आयशा पर लगाने लगे, धीरे-धीरे मौहम्मद भी आयशा से नाराज हो उठे । इस हालत

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

में बेचारी आयशा और कोई उपाय न देखकर नैहर अर्थात् अपने माँ-बाप के घर चली गई, आयशा की माँ उसका दिल बहलाती रहती, मगर आयशा के दिल से गम की गाँठ दूर न होती और न ही खुलती।

इस परिवर्तन के कारण मौहम्मद के दोस्तों और दुश्मनों में तरह-तरह के मतभेद पैदा हो गये। मौहम्मद के नाम पर दाग लग गया, उसके रौब में भी फर्क आ गया, अन्त में अली और उस्मान से राय ली। अली ने कहा कि आयशा की दासी से इस घटना की सफाई ली जावे, सलाह नेक थी, मगर अली के लिए यह राय बड़ी बुरी साबित हुई। आयशा इस गुस्ताखी को मरते दम तक न भूली कि अली ने जो खुद मौहम्मद का दामाद है, इसकी इज्जत पर शक किया, अब अली की आयशा से विकट दुश्मनी हो गई। मौहम्मद की बेटी फातिमा, माई खदीजा की प्यारी यादगार फातिमा, जो अली से ब्याही हुई थी, इधर फातिमा का पति उधर अपना दामाद "अली" है उधर चहेती बीवी आयशा है ! लाचार मौहम्मद बेचारा अब जाये तो किधर जाये और क्या करे ? आखिरकार घर में घरेलू लड़ाई की जड़ जम ही गई। इस घरेलू लड़ाई ने मौहम्मद की मौत के बाद इस्लाम की तवारीख को लगातार खून खराबी की तवारीख (इतिहास) बना दिया। खलीफा के लिए इस कदर खून खराबी न होती, अगर अली और आयशा का दिल साफ होता और अली से आयशा की ऐसी भयँकर दुश्मनी न होती।

(विस्तार से देखें-हजरत की बीवियों का कच्चा चिट्ठा)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

बहुत बीबियाँ करने वालों देखो जब पैगम्बरों की जिन्दगी भी खतरे में है, अगर इस अजमत (बड़प्पन) के लोग भी अपनी गलतियों से तथा इन बुरे कामों से नहीं बच सके, तो तुम कौन हो? अपनी करतूत के कड़वे फलों से अपने आपको सुरक्षित समझते हो ? दशरथ का घर बरबाद हो गया, मौहम्मद का दीन खाक में मिल गया, क्यों ? इसलिये कि बूढ़े होकर नवयुवतियों (कुमारियों) से शादियाँ की ।

मौहम्मद आयशा के कमरे में गया और उसके माँ-बाप के सामने सारी गुजरी हुई कहानी को सचमुच सुना देने की अर्ज की, तब मौहम्मद के सामने ही आयशा को उसके माँ-बाप ने कहा कि -

"अगर तूने गुनाह किया है तो तू तौबा कर, अल्लाह बख्शने वाला है, रहम करने वाला है और अगर तू बेगुनाह है तो तू अपनी बेगुनाही का इजहार कर"।

आयशा थोड़ी देर तक चुप रही और अन्त में बोली-

"सब्र ही मेरा जवाब है, खुदा मेरा मददगार है, मैं अगर अपने आपको बेगुनाह कहूँ तो कोई मानेगा नहीं, तौबा करूँ भी तो किस कसूर से ? खुदा जानता है कि मैं "बेगुनाह हूँ" ।

मौहम्मद अपने दिल से आयशा का चाल चलन जानता था और उसका कायल था, लेकिन लोगों को भी तो कायल करना था । आखिर को अपने आपको इल्हाम की सूरत में डाला और अपना मुँह कपड़े से ढक लिया तथा वह कुछ देर जाहिरा बेहोश

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

पड़ा रहा, आखिर थोड़े से समय बाद अपने माथे से पसीना पोंछता हुआ उठा और कहा -

"आयशा ! खुशी मना !! अल्लाह ने तेरी बेगुनाही की साक्षी दी है"।

आयशा का खोया हुआ सौभाग्य फिर से मिल गया। लेकिन आक्षेप लगाने वालों पर शामत आ गयी, इल्हाम पर इल्हाम होने लगे, आक्षेप लगाने वालों पर तरह-तरह की बौछारें पड़ने लगीं आखिर उनके लिए सजा मुकर्रर हुई, कि उन्हें ८०-८० कोड़े लगाये जायें। मरदों के साथ-साथ एक औरत पर भी यह कोड़े बरसाये गये।

"सूरह अन-नूर-४ (कुरान)" में रसूल और रसूल के खुदा का गम व क्रोध अब तक लिखा चला आता है, देखिये-

वल्ल़जी-न यर्मूनल् मुह-सनाति सुम्-म लम्---
उलाइ-क हुमुल्-फ़ासिकून ॥

(कुरान मजीद सुरः नूर आयत ४)

अर्थात् और जो लोग परहेजगार औरतों को बदकारी का ऐब लगायें और उस पर चार गवाह न लायें तो उनको अस्सी दुर्रे (कोड़े) मारो और कभी भी उनकी गवाही कुबूल न करो, और यही बदकिरदार हैं।

इलहाम के नाम पर भाइयों ! आलम ये हुआ कि बदज़ुबान लोगों की ज़ुबानें उनके मुंह में घुसेड़ दी गयीं, अब जरूरत इस बात की हुई, कि हरम की फरमाइश की जावे, क्योंकि ताली दो हाथों से बजती है। वह खिदमत भी अल्लामियाँ ने कबूल की और तब

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

खुदा की ओर से ''सूरा-अहज़ाब आयत ३२-३३ उतरी'' कि -

यानिसा-अन्न बिय्यि लस्तुन्-न-क-अ-हदिम्-----------
----- कौलम्-मअ्-रूफ़ा ''३२'' व कर्-न फ़ी-------
-----तत्-हीरा ''३३''

(कुरान मजीद सुरः अहजाब आयत ३२-३३)

अर्थात् ऐ पैगम्बर की बीवियों ! तुम और औरतों की तरह नहीं हो, अगर तुम परमात्मा से डरती हो तो अपने कौल (कथन) से न फिरो ताकि वह लालच न करे, जिसके दिल में मरज है, और कहा गया है, कौल और मारूफ अपने-अपने घरों में रूकी रहो और न दिखाती फिरो ओरों को श्रंगार जैसे जहालत के जमानें की औरतें करती थीं।

आखिर मौहम्मद को अपनी बीवियों को आप ताकीद करना, तथा तम्बीह देना बाकी जौजियात व लवाजमात के खिलाफ था। अल्लामियाँ स्त्री पुरूष दोनों का बुजुर्ग है। उसको बीच में डाला और जो चाहा वह उससे इल्हाम के रूप में कहलवाया। इस तरह आयशा और मौहम्मद में पुनः एकता अर्थात् प्यार-मौहब्बत हो गई, और आयशा का पहले की तरह घर भर में राज्य हो गया, परन्तु भाइयों ध्यान रहे इसके बाद फिर कभी भी किसी भी युद्ध में आयशा साथ न ले जाई गई, आखिर क्यों? बात साफ जाहिर है कि एक बार के ले जाने पर तो यहां तक नौबत पहुंची, आगे ले जाने पर क्या होता ? ये तो अल्लाहताला और उसके प्यारे नबी को ही ज्यादा मालूम है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इसके बाद आयशा के दर्शन आखिरी दर्शन हैं । जो इसके पति की मृत्यु शैय्या पर हुये हैं । मौहम्मद ने अपने आखिरी मर्ज में जो मरजुल्मौत (मौत की बीमारी) साबित हुई, अपनी बीवियों से मंजूर करा लिया था कि अब मैं आयशा ही के घर में रहा करूँगा और इसी मकान में अक्सर आयतें उतरा करती थीं, वही खटिया थी, वही बिस्तर था, वहीं लिहाफ था । यह मकान मौहम्मद को सब मकानों से ज्यादा प्यारा था ।

बीमारी के समय में मौहम्मद कब्रिस्तान को गया और अपने मरने का यकीन करके घर लौटा । आयशा भी इत्तिफाक से सिरदर्द से दुखित थी, वह कराह-कराह कर कह रही थी, मेरा सर ! मेरा सर !! यह सुनकर मौहम्मद एकदम बोल उठे . हे आयशा ! यह शब्द तो मुझे कहने चाहिए थे । आयशा सुनते ही चुप हो गई । मौहम्मद को जराफत (मजाक) सूझी और कहा ! आयशा क्या तुम यह पसन्द न करोगी की तुम्हारी मौत मेरे जीते जी हो, जिससे मैं तुम्हें अपने हाथों से दफन करूँ और तुम्हारी कब्र पर दुआ पढ़ूँ ? आयशा ने नाक भौं चढ़ा ली और जवाब दिया कि यह किसी और को सुनाओ, मैं समझ गई, मेरे घर को मुझसे खाली कराने और किसी (मुझसे भी) खूबसूरत पुतली (सुन्दर स्त्री) को ला बसाने की आरजू आपके मन में है । मौहम्मद को जवाब के लिए फुरसत कहाँ थी ? न ही इतनी ताकत थी कि आयशा के सामने जवाब दे सके आखिर मन्द हंसी (मुस्कुराहट) में ही बात को टाल दिया ।

"हयात-ए-मुहम्मदी-म्योरसाहब कृत"

पाठक समझ गये होंगे कि एक नवयुवती बीबी को अपने

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

पीछे छोड़ने का ख्याल मौहम्मद के लिए किस कदर परेशानी का कारण था ? पर हाय ! यह गिला मंजर !! हसरत नाक मंजर !!! इबरत नाक मंजर !!!! मस्जिद का आँगन है। बीस साल की जोरू जो बासठ साल के शौहर का सिर अपने घुटनों पर लिए हुए बैठी है। मौहम्मद उसका चबाया* हुआ दातुन मुंह में लेते हैं और इस क्षणिक शरीर से बाहर हो जाते हैं । उसके बाद आयशा को उसका बाप अबू बकर कहता है कि २० साल की विधवा आयशा मुझे तुझ पर रहम आता है, तेरी जवानी पर रहम आता है, तेरी उमंगों पर, तेरी हसरतों पर, तेरे हुस्न पर तथा तेरी सूरत पर रहम आता है, मेरी आँखों में वह आँसू हैं जो किसी बाप की आंखों से अपनी लड़की को विधवा होता हुआ देख करके बेअख्तियार निकल पड़ें । मगर करूँ क्या ? मैं तुझे अपनी लड़की कहकर, बिलखता, सिसकता और रोता हूँ, जबकि मौहम्मद के लिए मेरा मन कुछ नहीं कहता ।

सदा सुहागिनें

अबू बकर हज़रत मौहम्मद साहब का दायाँ हाथ था, तो मौहम्मद उमर बायाँ । वह इतनी आसानी से मुसलमान न हुआ था जैसे अबू बकर ! मगर जब हुआ तो पूरे विश्वास के साथ हुआ । अब वह अपने मजहब के लिए बराबर हर वक्त लड़ने मरने को तैयार रहता था ।

*तवारीख जैबुल्लाह पेज १६६ मदारिजुल्फतूहा रकूब ४, बाब १२ आदि ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अबू बकर गजब का दिलेर था, अकलमन्द था, इसके बरखिलाफ (विरूद्ध) मौहम्मद उमर जोशीला था, वह बहुत जल्दी गुस्से में आ जाता था, उस समय उसे अपने काबू में कर लेना सहज न था। यही मिजाज मौहम्मद "उमर" से उसकी लड़की "हफसा" ने पाया था। वह भी जब गुस्से में होती थी तो किसी के रोके न रूकती थी, इसकी शादी "खनीस" से हुई थी, जो बदर की लड़ाई में मारा गया, ६-७ महीने तक वह विधवा रही और कोई भी मुसलमान उससे शादी करने के लिए तैयार न था, इस पर उमर ने पहले अबू बकर से निकाह करने को कहा परन्तु उसके इन्कार करने पर फिर उस्मान से निकाह के लिए दरख्वास्त की, परन्तु इन दोनों ने इन्कार कर दिया क्योंकि "हफसा" का सँभालना कोई मजाक या खेल न था, इस पर उमर बहुत बिगड़ा और अन्त में मौहम्मद के पास हफसा के निकाह का प्रस्ताव लेकर आया मौहम्मद ने अपनी मेहरबानी से उसे अपनी बीवी बनाना मंजूर कर लिया। इस तरह जो रिश्ता मौहम्मद का अबू बकर से था वही उमर से भी हो गया। दोनों बराबर वफादारी से इस्लाम का प्रचार करने लगे और अपनी लड़कियों की तोफैल मौहम्मद के मातहत बन गये।

ऐसे ही बदर की लड़ाई के एक और शहीद अबीदा की बीवी जैनब थी, अबीदा रिश्ते में मौहम्मद का भाई था उसकी बेवा औरत से भी मौहम्मद ने शादी कर ली। जैनब ने बड़ी सखी (दिलावर) तबीयत पायी थी, इससे इसका नाम "उम्मुलमसाकीन" पड़ गया।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अब अल्लमा इब्तिदाई (आरम्भिक) मुसलमानों में था। वह "हबश" की हिजरत में अरब से निकाल दिया गया था। जब मौहम्मद ने मक्का से भाग कर मदीना में डेरा डाल दिया तो वह वापिस आ गया, "उहद" की लड़ाई में वह घायल हो गया था। मगर बाद में अच्छा हो गया, जब "बनिसाद" पर इस्लाम ने चढ़ाई की तो यह उसका सेनापति बनाया गया था, वहाँ वह पिछले घावों की कमजोरी के कारण फिर बीमार पड़ गया और उसकी मौत हो गयी।

मौहम्मद को अपने रिश्तेदारों से सहानुभूति थी वह उसकी विधवा औरत "हिन्द" के पास जाया करता था, हिन्द थी तो बूढ़ी मगर कमाल की खूबसूरत थी। मौहम्मद ने उससे शादी करने का इरादा जाहिर किया, उसने बुढ़ापे का बहाना किया, तब पैगम्बर ने फरमाया मैं भी तो बूढ़ा हूँ। बुढ़िया ने कहा कि बाल बच्चे हैं, मौहम्मद उनका भी वारिस बना और बुढ़िया को अपने घर ले आया। मदीना-ए-मस्जिद के साथ इस समय तक ५ कोठरियाँ पहले ही बन चुकी थीं, उनमें से हर एक में मौहम्मद की एक एक बीवी रहती थी। मौहम्मद बारी बारी एक एक रात, एक एक दिन, एक एक बीवी के पास गुजारता था। आखिरी कोठरी हारिश की थी, जब मौहम्मद के घर कोई नई बीवी आती थी, तो उसे हारिश की कोठरी में ठहराया जाता था और हारिश के लिए दूसरी नई कोठरी तैयार करायी जाती थी, वह बेचारा चुपके से अल्हदा रहने का इन्तजाम कर लेता था। एक दफा मौहम्मद को खुद शर्म आयी और कहने लगा कि आखिर हारिश भी क्या

